066

MAHD-01

December - Examination 2018

MA (Previous) Hindi Examination

प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य

Paper - MAHD-01

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – 'अ' **$8 \times 2 = 16$**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) (i) विद्यापति को 'मैथिल कोकिल' क्यों कहते हैं?

(ii) सच्चे गुरु की प्रशंसा में कबीर ने क्या कहा है?

(iii) निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए।

क) बीजक ख) दावानल

ग) अमल घ) अनहद

(iv) 'जायसी' की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(v) तुलसीदास को लोक समन्वयक कवि क्यों कहा जाता है?

(vi) मीरा की भक्ति किस भाव की थी?

(vii) 'बिहारी' को रीतिसिद्ध कवि क्यों कहते हैं?

(viii) 'भूषण' की किन्हीं दो रचनाओं का नामोल्लेख कीजिए।

खण्ड – ब **$4 \times 8 = 32$**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2) निम्न पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

कूरम पै कोल कोलहू पै सेष कुंडली है,
कुंडली पै फबी फैल सुफन हजार की।
कहै पदमाकर व्यौ फन पै फबी है भूमि
भूमि पै फबी है स्थिति रजत पहार की।''

3) निम्न पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

''जाति न पूछो साध की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहने दा म्यान।।
हस्ती चढ़िए ज्ञान की, सहज दुलीचा डारि।
स्वान रूप संसार है, भूँकन दे झक मारि।।''

4) निम्न पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

साजि चतुरंग वीर रंग में तुरंग चढ़ि
सरजा शिवाजी जंग जीतन चलत हैं।

भूषन भनत नाद बिहद नगारन के

नदी नद मद गब्बरन के रलत हैं।

ऐल फैल खैल भैल, खलक में गैल गैल

गजन के ठेल–पेल सैल उलसत हैं।

तारा सौ तरनि, धूरि धारा में लगत जिमि

थारा पै पारा पारावर यौं हलत हैं।''

5) विद्यापति के काव्य के अनुभूति भाव को स्पष्ट कीजिए।

6) सूरदास की भक्ति भावना का वर्णन कीजिए।

7) जायसी के काव्य में प्रेम और श्रृंगार का उल्लेख कीजिए।

8) 'पृथ्वीराज रासो' में कथानक रुढ़ियों पर प्रकाश डालिए।

9) बिहारी रीतिकाल के सर्वश्रेष्ठ कवि क्यों माने जाते हैं? स्पष्ट कीजिए।

खण्ड – स $2 \times 16 = 32$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10) तुलसीदास की भक्ति भावना पर एक लेख लिखिए।

11) घनानंद के काव्य की अनुभूति और अभिव्यंजना पक्ष का विवेचन कीजिए।

12) चन्दवरदायी कृत 'पृथ्वीराज रासो' के महाकाव्यत्व पर प्रकाश डालिए।

13) टिप्पणी लिखिए।

(i) भूषण का व्यक्तित्व

(ii) विद्यापति के काव्य में प्रकृति

(iii) मीरा के काव्य में लोकतत्व

(iv) कबीर की जीवन–दृष्टि